एक नजर में

11 घरों में बिजली चोरी

लखनऊ : लेसा के चेकिंग अभियान में गोमती नगर जोन के लौलाई क्षेत्र में 26 में एक जगह बिजली चोरी मिली। शिविर में आई 47 शिकायतों में 35 का निस्तारण कर दिया गया। जानकीपुरम जोन में 12 घरों की जांच में एक परिसर में अनियमितता मिली। अमौसी जोन में 86 में सात परिसर में बिजली चोरी मिली। वहीं शिविर मे 57 शिकायतें आई। मौके पर 32 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। लखनऊ मध्य जोन में दो परिसरों में बिजली चोरी मिली। (जासं)

चुनाव के लिए दिशा निर्देश

लखनऊ : सेंट्रल बार एसोसिएशन द्वारा वार्षिक चुनाव की सीमा बीत जाने के बावजूद एसोसिएशन द्वारा वार्षिक चुनाव न कराने पर उप्र बार काउंसिल ने मौजूदा कार्यकारिणी को एक सप्ताह के भीतर एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन परमानंद श्रीवास्तव को पूरा कार्यभार सौंपने का निर्देश दिया है। चेयरमैन को एक माह के भीतर माडल बायलॉज के अनुसार चुनाव संपन्न कराकर चुनाव परिणाम से बार काउंसिल को अवगत कराना होगा। बार काउंसिल के सचिव ने इस संबंध में एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन के साथ सेंट्रल बार के अध्यक्ष व महासचिव को पत्र भेजकर 23 अगस्त को पारित प्रस्ताव का अनुपालन करने को कहा है। (विसं)

प्रतिबंधित पेड़ काटे, मुकदमा

मोहनलालगंज : कनकहा में प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों की कटाई के मामले में दारोगा ने तीन व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, भावाखेड़ा में महुआ सहित कई वृक्षों की कटाई की गई थी, जिसके ठूठ मिले थे। बीट प्रभारी अभय कुमार पांडेय ने तीन नामजद के खिलाफ लिखित तहरीर दी, जिसके बाद महेश, अजीज व संतोष कुमार निवासी निगोहां के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। (संसू)

महिला ने दी जान

लखनऊ : इटौंजा के अहमदपुर खेड़ा में घरेलू कलह से परेशान महिला ने फंदे से लटककर जान दे दी। गुरुवार सुबह बेटा सुमित घर लौटा तो कमरे में 48 वर्षीय कलावती रावत का शव दुपट्टे के सहारे छत के कुंडे से लटका मिला। घर में उसके पिता कल्लू, मां कलावती और बड़ी भाभी हेमा थीं। सुमित के अनुसार, कुछ वर्ष पहले उसके भाई अमित की मौत हो गई थी। इसके बाद पिता घर के एक हिस्से में रहते थे, जबकि वह मां के साथ दूसरे हिस्से में रहता था। परिवारजन ने बताया कि कलावती की बहुओं से आए दिन कहासुनी होती थी। बुधवार शाम भी बहू से विवाद हुआ। बीच-बचाव के दौरान पति से भी उनका झगड़ा हो गया। (जासं)

पुलिस ने बचाई जान

लखनऊ : कृष्णानगर क्षेत्र के भोला खेड़ा में बुधवार देर रात परिवारजन से आहत युवक ने नहर में छलांग लगा दी। पुलिस ने तैराक को नहर में उतारा और रस्सी के सहारे युवक को सुरक्षित बाहर निकालकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर पीके सिंह के मुताबिक, बुधवार रात करीब 11:30 बजे कन्नौसी पुल के पास भोला खेड़ा में युवक के नहर में कूदने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तैराक की मदद से युवक को बाहर निकाला। युवक ने अपना नाम शनि तिवारी पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर तिवारी निवासी मौंदा, सरोजनीनगर बताया। पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना देकर थाने बुलाया और उसे उनके सुपुर्द कर दिया। (संसू)

बीटेक में दाखिले का झांसा देकर ऐंठे 20 लाख, मुकदमा



- आरोपितों के चार मोबाइल नंबर और मेल आइडी की पड़ताल जारी
- मुंबई स्थित विजडम एजुकेशन के नाम से कंसल्टेंसी चलाता है ठग

जासं ● लखनऊ : आइआइआइटी हैदराबाद में छात्रा का बीटेक ईसीई में दाखिले का झांसा देकर साइबर ठगों ने पिता से 20 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपित ने गूगल पर मुंबई स्थित एजुकेशन कंसल्टेंसी का संचालक बनकर फंसाया। मेल पर एडमिशन लेटर की पीड़ित ने पड़ताल की तो ठगी का पता चला। एडीसीपी क्राइम किरन यादव के आदेश पर साइबर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

विभूतिखंड के ओमेक्स हाइट्स स्थित मिलेनियम टावर निवासी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनकी बेटी रुद्राक्षी वर्ष 2024 में फिटजी कोचिंग में पढ़ रही थी। नरेंद्र प्रताप मैनेजमेंट कोटा से किसी प्रतिष्ठित कालेज में बेटी के दाखिले के लिए प्रयासरत थे। अप्रैल 2026 में गूगल सर्च से अविनाश सिंह नामक युवक से संपर्क हुआ। अविनाश ने बताया कि वह मुंबई स्थित विजडम एजुकेशन के नाम से कंसल्टेंसी चलाता है। जून में आरोपित ने आइआइआइटी हैदराबाद में बीटेक ईसीई में दाखिले का आश्वासन दिया और नकद व आनलाइन 20 लाख रुपये लिए। 22 जुलाई को रुद्राक्षी का आइआइआइटी हैदराबाद में दाखिले का आवंटन पत्र आया। दो दिन बाद अविनाश का मोबाइल बंद और ई-मेल डिलीट हो गया। पीड़ित ने आइआइआइटी हैदराबाद के एडमिशन सेल में संपर्क किया तो पता चला कि लेटर जाली है। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित नरेंद्र प्रताप सिंह ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर साइबर थाना आलोक राव ने बताया कि पीड़ित ने आरोपितों के चार मोबाइल नंबर और एक मेल आईडी मुहैया करायी है।

मंगल बाजार में टप्पेबाजी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

जासं ● लखनऊ : आशियाना पुलिस ने साप्ताहिक मंगल बाजार में महिला को झांसा देकर सोने की बाली और लाकेट उतरवाने वाले दो टप्पेबाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से महिला से टप्पेबाजी कर लूटी गई सोने की बाली और लाकेट बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर आशियाना गजेंद्र कुमार राय के अनुसार, बंगला बाजार भदरूख निवासी फूला देवी पत्नी जोगिंदर 18 अगस्त को मंगल बाजार गई थीं। वहां दो युवकों ने उन्हें झांसे में लेकर उनके कान की बाली और गले का लाकेट उतरवा लिया। इसके बाद दोनों सामान लेकर मौके से फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने 22 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने बुधवार रात 11 बजे देवीखेड़ा रोड के पास से दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया।

बुजुर्ग समेत छह के खातों से 21.37 लाख पार



जासं ● लखनऊ : साइबर जालसाजों ने बुजुर्ग समेत छह व्यक्तियों के खातों से 21.37 लाख रुपये की ठगी की है। पुलिस ने सभी मामलों की जांच शुरू कर दी है।

पैलेस कोर्ट निवासी प्रमन नारायण ने बताया कि एक व्यक्ति ने ग्रीन गैस कर्मी बनकर फोन किया और तत्काल भुगतान करने का दबाव डाला। जालसाज ने लिंक भेजकर एक एप डाउनलोड कराया। खाते से 10 लाख रुपये निकल लिए। विकासनगर निवासी 71 वर्षीय सैय्यद सैफुद्दीन ने बताया कि 11 अगस्त को उनके खाते से पांच लाख रुपये निकाल लिए गए। आलमबाग के देवेंद्र सिंह का खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में है, जहां 21 अगस्त को जालसाज ने मोबाइल हैक कर 2.03 लाख निकाल लिए। चिनहट के वीरपाल सिंह यादव ने बताया कि उनके डेबिट और क्रेडिट कार्ड को हैक कर 2.39 लाख रुपये गायब कर दिए गए। इंदिरानगर के सुनील कुमार गर्ग ने बताया कि 11 अगस्त को ब्लिंकिट से सामान मंगाने के बाद जालसाज ने रिफंड का झांसा देकर 95 हजार रुपये ठग लिए। डालीगंज के सुरेश कुमार ने भी बताया कि 5 अगस्त को उनके खाते से 99,948 रुपये निकाल लिए गए।

1.27 करोड़ ऐंठे

जासं, लखनऊ : शेयर ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने एक कारोबारी से 1.27 करोड़ ठग लिए। जालसाज ने व्हाट्सएप पर संपर्क कर खुद को स्टाक ब्रोकर्स कंपनी का मेंटर बताया और कंपनी को सेबी से रजिस्टर्ड बताकर एक ग्रुप में जोड़ा। निवेश के नाम पर डीमैट अकाउंट में मुनाफा दिखाने के बाद विभिन्न मदों जैसे जीएसटी और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर रुपये लिए गए। सुशांत गोल्फ सिटी के देवामऊ निवासी अरशद अहमद ने बताया कि कुछ माह पहले उन्हें एक वाट्सएप मैसेज मिला, जिसमें स्टाक मार्केट में 30 प्रतिशत मुनाफे का वादा किया गया था। जालसाजों ने उन्हें एक ग्रुप में जोड़ा, जिसमें हजारों लोग थे। उन्होंने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट कराई।

छात्रा को डीसीएम ने कुचला, पुलिस जीप घेरकर किया सड़क पर प्रदर्शन

बंथरा में हादसे के बाद भाग रहे चालक को ग्रामीणों ने पकड़ा



प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाती पुलिस टीम ● जागरण

संवादसूत्र, जागरण ● बंथरा : बनी-मोहान रोड पर गुरुवार शाम तेज रफ्तार डीसीएम ने साइकिल सवार कक्षा छह की छात्रा को टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। भाग रहे डीसीएम चालक को ग्रामीणों ने घेरकर पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को भीड़ से बचाकर हिरासत में लिया तो ग्रामीण जीप के आगे आ गए। चालक को उनके हवाले करने की मांग को लेकर लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया।



प्रियांशी ● स्वजन

बंथरा की ग्राम पंचायत बेंती के मजरे मिर्जापुर निवासी राम सहाय प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनकी 12 वर्षीय बेटी प्रियांशी बेंती स्थित जूनियर हाई स्कूल में कक्षा छह की छात्रा थी। गुरुवार शाम करीब पांच बजे प्रियांशी साइकिल लेकर रामगढ़ी तिराहे पर चाऊमीन खाने गई थी। ग्रामीण अनिल के मुताबिक, साइकिल से घर लौटते समय मोहान से बनी की ओर जा रहे तेज रफ्तार डीसीएम ने उसे टक्कर मार दी। प्रियांशी की मौके पर ही मौत हो गई। चालक डीसीएम लेकर भागने लगा तो ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ लिया और जमकर पीटा। पुलिस चालक को भीड़ से छुड़ाकर थाने ले जाने लगी तो ग्रामीणों ने पुलिस जीप घेर ली और चालक को उनके हवाले करने की मांग करते हुए बनी-मोहान रोड पर जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रियांशी दो बहनों रूचि और पूजा से छोटी थी। परिवार में उससे छोटा 10 वर्षीय भाई नीतेश भी है। पुलिस ने सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया तब ग्रामीण हटे।

किसान पथ पर ट्रक ने पैदल जा रहे व्यक्ति को कुचला



बीकेटी में दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस ● जागरण

संवादसूत्र, जागरण ● लखनऊ : बख्शी का तालाब में किसान पथ की सर्विस लेन पर पुलिस सहायता केंद्र के सामने एक व्यक्ति को ट्रक ने कुचल दिया। राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सीतापुर के महमूदाबाद स्थित शेरापुर निवासी अनिल कुमार दोपहर करीब सवा एक बजे पैदल सीतापुर रोड की ओर जा रहे थे। तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। मृतक के भाई वीरेंद्र ने बताया कि अनिल तालकटोरा में किसी फैक्ट्री में काम करते थे और रक्षाबंधन पर छुट्टी लेकर घर जा रहे थे। किसान पथ के अंडरपास से सर्विस लेन से पैदल आ रहे थे। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

आटो सवारों से चेन चोरी करने वाली मां-बेटी समेत तीन दबोचीं

जासं ● लखनऊ : आटो सवार यात्रियों को बातों में उलझाकर चेन और पर्स चोरी करने वाले महिला गिरोह की तीन सदस्यों को पारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनमें मां-बेटी समेत तीन शामिल हैं। आरोपित महिलाओं के कब्जे से सोने की दो चेन बरामद हुई हैं। पुलिस के मुताबिक, तीनों शहर में अलग-अलग स्थानों पर आटो में सवार यात्रियों को निशाना बनाती थीं।

इंदिरानगर तकरोही की आदर्श कालोनी निवासी साफ्टवेयर इंजीनियर अरविंद यादव की पत्नी लक्ष्मी बुधवार शाम इंदिरानगर से मेट्रो से सिंगारनगर पहुंचीं। वहां से वह आटो लेकर हंसखेड़ा स्थित रिश्तेदार के घर जा रही थीं। इसी दौरान तीन महिलाएं आटो में सवार होकर उनके अगल-बगल बैठ गईं। आरोप है कि महिलाओं ने उन्हें बातचीत में उलझाकर गले से सोने की चेन चोरी कर ली। आभास होने पर लक्ष्मी ने महिलाओं से चेन मांगी तो वे विवाद करने लगीं। काकोरी के जलियामऊ निवासी आटो चालक रिंकू ने आटो हंसखेड़ा मोड़ स्थित पुलिस पिंक बूथ पर रोक दिया। वहां मौजूद लक्ष्मी के रिश्तेदारों ने महिलाओं को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि आरोपितों की पहचान कुशीनगर कप्तानगंज निवासी उषा, उसकी बेटी तारा और रामकोला निवासी संगीता के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि तीनों ने एक माह पहले बुद्धेश्वर मंदिर में भी बुजुर्ग महिला की चेन चोरी की थी। शुरुआत में तीनों ने पुलिस को गलत नाम-पता बताया था, लेकिन सत्यापन और पूछताछ के बाद उनकी सही पहचान सामने आई।

सरकारी नौकरी का झांसा देकर बहनों से 5.28 लाख ठगे

जासं ● लखनऊ : सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजों ने दो बहनों से 5.28 लाख रुपये हड़प लिए। मड़ियांव पुलिस ने स्वाती पांडेय की तहरीर पर आकाश रावत, उसकी पत्नी अंजली यादव और एक अज्ञात व्यक्ति समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि आकाश ने स्वाती को सीतापुर के आरएमपी कालेज में क्लर्क पद पर नौकरी के लिए दो लाख और उनकी बहन वंदना को शिक्षक पद पर लगवाने के लिए तीन लाख रुपये मांगे। आठ फरवरी को दोनों बहनों से पैसे ले लिए गए।

मंदिर में दांत से काटकर बैंक मैनेजर की पत्नी की चेन पार

जासं ● लखनऊ : जानकीपुरम निवासी आशुतोष पांडेय सीतापुर रोड स्थित एचडीएफसी बैंक में मैनेजर हैं। बुधवार सुबह वह पत्नी ममता के साथ बुद्धेश्वर मंदिर दर्शन करने पहुंचे थे। गर्भगृह में दर्शन के दौरान पीछे से आई एक महिला ने ममता के गले में पड़ी सोने की चेन को दांत से काटकर अलग कर दिया। चेन नीचे गिरते ही आरोपित महिला उठाकर फरार हो गई। सीसीटीवी फुटेज में घटना कैद हो गई। पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित महिला की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

अदालत से

आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपित की जमानत खारिज

विधि संवाददाता ● लखनऊ : विवाह में 20 लाख रुपये दहेज की मांग पूरी न होने पर युवती को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपित विकास त्रिपाठी की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश नीतू पाठक ने खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष के अनुसार मामले की रिपोर्ट वादिनी सुधा मिश्रा ने पीजीआइ थाने में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि उनकी बेटी प्रतिभा गोंडा में स्टाफ नर्स थी और पीजीआइ में कार्यरत विकास त्रिपाठी से विवाह करना चाहती थी। विकास ने 20 लाख रुपये दहेज की मांग की, जिसकी व्यवस्था वादिनी नहीं कर सकी। आठ जुलाई को प्रतिभा आरोपित से मिलने उसके फ्लैट पर गई थी। अगले दिन पुलिस ने प्रतिभा की मृत्यु की सूचना दी। उसका शव विकास के फ्लैट में मिला था। अभियोजन ने आरोप लगाया कि दहेज की मांग को लेकर दोनों के बीच कई बार विवाद हुआ था। विकास की प्रताड़ना से तंग आकर प्रतिभा ने आत्महत्या कर ली थी।

पैतृक मकान के विवाद में दो भाइयों को एक साल की सजा

विधि संवाददाता ● लखनऊ : पैतृक मकान के बंटवारे को लेकर सगे चाचा को लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल करने के दोषी आशुतोष मिश्रा उर्फ शिशु मिश्रा और सचिन मिश्रा उर्फ रिशु मिश्रा को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सौरभ ओझा ने एक-एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही दोनों पर छह-छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। वहीं, उनकी मां अरुणा मिश्रा को प्रोबेशन आफ आफेंडर्स एक्ट की धारा चार का लाभ देते हुए छह माह के प्रोबेशन पर रिहा करने का आदेश दिया है। मुकदमे के दौरान एक आरोपित सतीश मिश्रा की मृत्यु हो गई थी। अभियोजन अधिकारी अभय सिंह ने न्यायालय के समक्ष बताया कि वादी जितेंद्र कुमार मिश्रा ने मुकदमा दर्ज कराया था। छह नवंबर 2011 को अरुणा मिश्रा वादी के घर आकर गाली-गलौज करने लगी। वादी द्वारा मना करने पर वो अपने पति और दोनों बेटों को भी बुला लाईं, जिसके बाद दोषियों ने वादी को लाठी-डंडों से पीटा, जिससे उनके हाथ की हड्डी टूट गई।

हत्या कर दहशत फैलाने वाले चार पर गैंगस्टर एक्ट का केस

जासं ● लखनऊ : सैरपुर में आयुष यादव की गोली मारकर हत्या के मामले में मड़ियांव पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, गिरोह का सरगना निखिल पांडेय उर्फ मुन्ना पण्डित है, जबकि उसके सक्रिय सदस्य भाई नवीन पाण्डेय, अतुल सिंह और ऋषभ कुमार शुक्ला हैं। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि 17 मई 2026 को छठामील, सीतापुर रोड पर आयुष यादव की चाय की दुकान के सामने आरोपितों का विवाद हुआ था। आयुष के भाई विजय यादव और उसके दोस्त ने मारपीट का वीडियो बना लिया था, जिससे नाराज होकर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। कुछ समय बाद, आरोपित अवैध असलहों से लैस होकर यादव ढाबा रेस्टोरेंट पहुंचे और विजय यादव को गोली मार दी। विजय को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, दुकानदारों ने शटर गिरा दिए और लोग भय के कारण भागने लगे। बाद में विजय का शव रखकर लोगों ने मेन हाईवे जाम कर दिया। विवेचना के दौरान वीडियो और अन्य फुटेज के आधार पर चारों आरोपितों के नाम सामने आए। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया और उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा के अनुसार, आरोपितों ने गिरोह का भय कायम करने के उद्देश्य से वारदात की।

गाय को बचाने में रोकी स्कूटी, पीछे से बाइक ने मारी टक्कर

संवादसूत्र, जागरण ● लखनऊ : आशियाना में सड़क पर अचानक आई गाय को बचाने के लिए स्कूटी रोकना एक महिला को भारी पड़ गया। पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। आरोप है कि हादसे के बाद बाइक सवार ने महिला से गाली-गलौज की और उनका मोबाइल छीनकर सड़क पर पटक दिया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे तो आरोपित मौके से भाग निकला। पूरी घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई।

तेलीबाग स्थित आकाश एन्क्लेव अपार्टमेंट निवासी संजना बुधवार को बेटे को लेने स्कूटी से स्कूल जा रही थीं। उनका बेटा सिटी मांटेसरी स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ता है। महिला के मुताबिक, रास्ते में अचानक गाय आ गई। उसे बचाने के लिए उन्होंने स्कूटी में ब्रेक लगाया।

तभी पीछे से आए तेज रफ्तार बाइक सवार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। आरोप है कि टक्कर के बाद युवक ने अपनी गलती मानने के बजाय अभद्रता करने लगा। गाली-गलौज करते हुए मोबाइल छीनकर सड़क पर पटक दिया और मारने के लिए दौड़ा। शोर सुनकर लोग पहुंचे तो युवक वहां से भाग गया। पीड़िता ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस सीसी फुटेज के आधार पर आरोपित की पहचान कर रही है।

एक माह पहले बनी पुलिया की दीवार ढही

संवादसूत्र, जागरण ● लखनऊ : रायबरेली रोड से कल्ली पश्चिम वृंदावन कालोनी होते हुए जगतखेड़ा जाने वाली सड़क के बीच करीब एक माह पहले बनाई गई नहर की पुलिया की दीवार तेज बारिश में ढह गई। दीवार का मलबा नहर में जा गिरा। यह दीवार सिंचाई विभाग की ओर से बनवाई गई थी। इसके निर्माण की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

स्थानीय लोगों सत्येंद्र सिंह, रामेश्वर और राकेश ने बताया कि पुरानी जर्जर पुलिया को तोड़कर सिंचाई विभाग ने नई पुलिया का निर्माण करीब एक माह पहले ही पूरा कराया था। आवागमन भी चालू कर दिया गया था। लोगों का आरोप है कि गुणवत्ता और मजबूती पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। बुधवार रात को हुई बारिश के बाद नहर में पानी बढ़ा तो पुलिया के दोनों ओर सुरक्षा के लिए बनाई गई मोटी दीवारों में से एक भरभराकर गिर गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया की दीवार का इतनी जल्दी ढह जाना कई सवाल खड़े करता है। बरसात के दिनों में नहर में पानी का दबाव बढ़ने पर पुलिया की सुरक्षा कितनी मजबूत रहेगी। लोगों ने सिंचाई विभाग से मौके का निरीक्षण कराकर निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने और क्षतिग्रस्त दीवार को दोबारा मजबूत तरीके से बनवाने की मांग की है।



पुलिया की एक तरफ की ढही दीवार ●जागरण

संदिग्धों को पुलिस ने पूछताछ कर छोड़ा

संसू, जागरण ● लखनऊ : कृष्णानगर क्षेत्र की शुभम सिटी कालोनी में घूम रहे दो संदिग्ध युवकों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने दोनों से पूछताछ की, जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। कालोनीवासियों का आरोप है कि मंगलवार देर रात सीसीटीवी कैमरों में चार से पांच नकाबपोश संदिग्ध युवक दिखाई दिए थे। लोगों के मुताबिक, संदिग्धों के हाथ में असलहा था और वे देर रात कालोनी की सड़कों और गेट के आसपास घूमते नजर आए। इसकी शिकायत स्थानीय थाने में भी की गई थी। लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद भी पुलिस की ओर से अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखाई गई। बुधवार देर रात कुछ सजग लोगों ने दो संदिग्ध युवकों को कालोनी में घूमते देखा तो पकड़कर कृष्णानगर पुलिस के हवाले कर दिया। विजयनगर चौकी प्रभारी योगेश सिंह सेंगर ने बताया कि कालोनीवासियों ने दोनों युवकों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया।

सुरक्षा अनुभाग
आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक, विश्वविद्यालय
कुमारगंज, अयोध्या।
विश्वविद्यालय मुख्य परिसर/केन्द्रो/बाहय महाविद्यालय सुरक्षा व्यवस्था हेतु बिड प्रकाशित की गयी है जिसका विवरण निम्नवत है:-
बिड संख्या GeM/2026/B/7962062
बिड प्रकाशित दिनांक 25.08.2026
बिड बन्द होने का दिनांक 05.09.2026 19:00:00

पंप कर्मचारियों से मारपीट करने वाला धरा

जासं ● लखनऊ : सरोजनीनगर पुलिस ने पेट्रोल पंप कर्मचारियों से मारपीट और गाली-गलौज करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि बिना भुगतान किए जाने पर कर्मचारियों ने रोकने की कोशिश की तो आरोपितों ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने गुरुवार को आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। बाग नंबर-दो स्थित अश्विन ऊर्जा एचपी पेट्रोल पंप के मैनेजर चंद्रमणि ने बताया कि स्कार्पियो समेत अन्य वाहनों से 20 से 25 लोग आए और ईंधन भरवाने के बाद बिना भुगतान जाने लगे। पैसे मांगे तो मारपीट की।

उठावनी



सरला अग्रवाल
(दादी)
1940–2026
पत्नी स्वर्गीय जवाहर लाल अग्रवाल
हमारी पूज्य दादी जी श्रीमती सरला अग्रवाल जी की आत्मा की शांति हेतु उठावनी है
दिनांक: 29 अगस्त 2026 | समय: दोपहर 3:00 बजे से 4:00 बजे
स्थान: कम्फर्ट होटल विस्टा, सेक्टर E/1, बेस्ट प्राइस वॉलमार्ट के पास, सेक्टर-बी अंसल ए.पी.आई, लखनऊ
पुत्र स्वर्गीय राज कुमार अग्रवाल, पुत्रवधू राधा अग्रवाल,
पौत्र प्रबल अग्रवाल, पौत्रवधू मानसी अग्रवाल,
पुत्री सुमन सिंघल, पूनम अग्रवाल
पौत्री निकिता गुप्ता, ध्रुव गुप्ता
शोकाकुल : अग्रवाल परिवार
फुल मार्क इंटरनेशनल/पेंट ट्रेड प्रमोटर्स

शव की शिनाख्त, हाथ पर बने टैटू से भाई ने पहचाना

जासं ● लखनऊ : मानकनगर क्षेत्र में नहर के रेगुलेटर में मिले दो युवकों के शवों में से एक की पहचान कृष्णानगर के कनौसी निवासी 22 वर्षीय प्रिंस रावत के रूप में हुई। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे भाई दिनेश ने हाथ पर बने 'महाकाल' के टैटू से प्रिंस की पहचान की। प्रिंस के लापता होने पर भाई ने 25 को कृष्णानगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

इंस्पेक्टर मानकनगर अजीत कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह नहर के रेगुलेटर में दो युवकों के शव फंसे होने की सूचना मिली थी। पहचान न होने पर शवों को अज्ञात में रखा गया था। पुलिस दूसरे युवक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। मूलरूप से उन्नाव के औरास निवासी रमेश रावत पत्नी रामप्यारी और दो बेटों प्रिंस व दिनेश के साथ कनौसी में किराये के मकान में रहते हैं। मजदूरी करने वाले रमेश का बेटा प्रिंस आलमबाग स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान पर सेल्समैन था। दिनेश के मुताबिक, प्रिंस 24 अगस्त की शाम सात बजे पिता से 10 रुपये लेकर घर से निकला। नहीं लौटा तो परिवार ने कृष्णानगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। दिनेश ने बताया कि जानकारी मिली कि मानकनगर के भोला खेड़ा स्थित देसी शराब ठेके के सामने नहर की मुंडेर पर दो युवक शराब पी रहे थे। नशे में संतुलन बिगड़ने से एक युवक नहर में गिर गया। उसे बचाने के लिए दूसरा युवक भी कूद गया। गुरुवार सुबह पुलिस से सूचना मिलने पर दिनेश थाने पहुंचा। बाद में पोस्टमार्टम हाउस में हाथ पर बने टैटू से भाई की पहचान की। प्रिंस चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसकी दो बहनों की शादी हो चुकीहै।

स्कूल से लौट रही बहनों से छेड़छाड़, भाइयों पर मुकदमा दर्ज

संवादसूत्र, जागरण ● नगराम : स्कूल से घर लौट रही सगी बहनों को रास्ते में रोककर छेड़छाड़ और अभद्रता करने के आरोप में नगराम पुलिस ने दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

नगराम थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी इंटर की छात्रा ने पुलिस को बताया कि 24 अगस्त को कालेज की छुट्टी के बाद वह अपनी बहन के साथ साइकिल से घर लौट रही थी कि तभी गांव के पास कमालपुर बिचलिका निवासी सगे भाई अनुज और अत्यंत ने रोककर बदसलूकी और गाली-गलौज की।

विरोध पर धक्का देकर दोनों बहनों को गिरा दिया और भाग निकले। घर पहुंचकर बहनों ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। छात्रा के मुताबिक, बाद में वह अपने भाई-भाभी के साथ खेत की ओर जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में दोनों भाइयों ने उन्हें रोककर मारपीट की। एसएसआइ उमाशंकर सिंह ने बताया कि दोनों भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon!

शाखा आफिस - एआरएमबी, लखनऊ
निकट कपूरथला चौराहा, अलीगंज, लखनऊ-226024
मो. नं. 7060027344 ईमेल: cs8272@pnb.bank.in

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

ई-नीलामी प्रक्रिया से "वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत जो प्रतिभूति (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के साथ पठित है, अचल/चल संपत्तियों की बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना।

जनसाधारण और विशेष रूप से उधारकर्ताओं, जमानतकर्ताओं, बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल/चल संपत्ति(यों) जिन्हें बैंक के पक्ष में गिरवी/बंधक रखा गया था एवं जिनका रचनात्मक कब्जा (सांकेतिक/भौतिक) पंजाब नैशनल बैंक (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है की ई-नीलामी "जहाँ है जैसा है", "जहां है जो है" और "जो भी हो" के अनुसार निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं), बंधककर्ता(ओं) और जमानतकर्ताओं से प्रतिभूत राशि की वसूली के लिए की जाएगी। बिक्री की तारीख, आरक्षित मूल्य, EMD राशि एवं अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण (कोई अधिभार ज्ञात नही) निम्नानुसार है। ऋणियों/ जमानतकर्ताओं /बंधककर्ताओं का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबन्धों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

बिक्री हेतु बंधक सम्पत्ति का विवरण

क्र सं	शाखा का नाम / खाते का विवरण / उधारकर्ता/जमानतकर्ता/ खाता का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/सम्पत्ति मालिक का नाम (बंधक सम्पत्ति/यां) (परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित)	अ)डिमांड नोटिस की तिथि 13(2)सरफेसी नियम 2002 / ब)बकाया राशि / स) कब्जा की तिथि, 13(4) सरफेसी नियम 2002 / द)कब्जा का प्रकार-रचनात्मक/सांकेतिक/भौतिक कब्जा	अ)आरक्षित मूल्य / ब)धरोहर धनराशि (धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि) / स) वृद्धिशील बिड धनराशि	ई-नीलामी की तिथि व समय	प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात अधिभार का विवरण
धरोहर धनराशि जमा करने हेतु खाते का विवरण : खाता नं. 827200317118A आईएफएस कोड (IFS code)-PUNB0827200 नोडल अधिकारी - श्री ए. पी. मिश्रा, मुख्य प्रबन्धक, एआरएमबी, लखनऊ, मो. +91 7060027344						
1	शाखा : एआरएमबी लखनऊ(मूल शाखा तालकटोरा रोड (242400) खाता का नाम-मेसर्स कपिल इन्टरप्राइजेज प्रोप श्री कपिल देव त्रिपाठी एवं श्री कपिल देव त्रिपाठी (2424008700025798, 242400990000147 & 242400NG00155240) उधारकर्ता: मेसर्स कपिल इन्टरप्राइजेज प्रोप श्री कपिल देव त्रिपाठी पुत्र श्री विद्या शंकर त्रिपाठी, मकान नं. सी-2395, राजाजीपुरम, लखनऊ-226017 प्रोपराईटर/उधारकर्ता/ बंधककर्ता-श्री कपिल देव त्रिपाठी पुत्र श्री विद्या शंकर त्रिपाठी, मकान नं. सी-2395, राजाजीपुरम, लखनऊ-226017	सभी भाग एवं हिस्सों सहित भूमि/सम्पत्ति नं. सी-2395 राजाजीपुरम योजना, वार्ड राजाजीपुरम लखनऊ 226017, जोकि श्री कपिलदेव त्रिपाठी पुत्र श्री विद्याशंकर के नाम है कुल क्षे0 58.54 वर्गमी. चौहददी- डीड के अनुसार: पूर्व -सी 2373, पश्चिम: रोड, उत्तर: सी 2393 दक्षिण:सी 2397 विक्रय अभिलेख पंजीकरण नं. 2696 दि. 03.04.2008	अ) 27-04-2026 ब)रू. 82,51,072.75 (दिनांक 31-07-2026 को +ब्याज दिनांक 01-08-2026 से प्रभावी एवं अन्य खर्चे, घटाओं वसूली यदि कोई हो तो, स) 10-07-2026 द) सांकेतिक कब्जा	अ)रू. 48,22,100/- ब)रू. 4,82,210/- 29-09-2026 पूर्वान्ह 10.59 बजे तक स)रू. 10,000/-	30-09-2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे	कोई अधिभार ज्ञात नही

नियम एवं शर्ते- बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम एवं शर्तें की पुष्टिकरण के अधीन होगी। 1. सम्पत्तियों की बिक्री "जहाँ है वैसा है", "जैसा है वैसा है" और "जो भी हो" के आधार पर की जायेगी। 2. बंधक सम्पत्ति से सम्बन्धित निर्दिष्ट जानकारी बैंक के पास उपलब्ध सूचना के आधार पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अंकित किये गये है। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि गलत बयान या बिक्री सम्बन्धी घोषणा में हुई चूक हेतु जवाबदेही नही होगा। 3. बिक्री प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म वेबसाइट https://baanknet.com पर की जायेगी। 4. विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com में दिए गए लिंक को देखें।

बिक्री सूचना सरफेसी एक्ट 2002 के अधीन नियम 8(6) एवं 9(1) के अन्तर्गत वैधानिक चेतावनी है।

दिनांक 27-08-2026 स्थान लखनऊ — प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक, प्रतिभूत लेनदार